Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

an>

Title : Need to construct an airport in Neemach, Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, सर्वांगीण विकास की दृटि से चाहे हम देश की चिंता करें या प्रदेश की, कतिपय महत्वपूर्ण तथ्यों को देखना होगा। इस दृटि से विकास में उद्योगों का भी अपना स्थान है। अतः औद्योगिक विकास की दृटि से स्थल, जल, विद्युत व संबंधित रॉ मैटीरियल के साथ सड़क, रेल व हवाई यातायात की सुविधा भी जरूरी है। मध्य प्रदेश हवाई यातायात में काफी पीछे हैं और इस दृटि से औद्योगिक विकास की पर्याप्त संभावनाएं होते हुए भी आगे नहीं बढ़ पा रहा है। प्रदेश के महत्वपूर्ण नगर हवाई यातायात से वंचित है उनमें नीमच भी प्रमुख है। सामरिक दृटि से, ऐतिहासिक दृटि से व औद्योगिक दृटि से उसका अपना स्थान है। सी.आर.पी.एफ का प्रमुख केन्द्र है। यहां यद्यपि अच्छी हवाई पट्टी है जहां छोटे जहाज उतरते हैं, उड़ान भरते हैं पर यदि यहां हवाई अड्डा बनता है तो इसका पूरा विकास होगा। दिल्ली, मुम्बई, जयपुर, भोपाल, अहमदाबाद आदि से सीधा सम्पर्क होगा। अतः मेरा मा0 नागरिक उड्डयन मंत्री महोदय से अनुरोध है कि यहां हवाई अड्डा बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दें।